दिनांक 13.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

'जादूगर गोगिया सरकार के कार्यक्रम में आयुक्त एस.के. सुंदरानी की उपस्थिति में कराया गया स्वच्छता एप डाउनलोड'

भिलाईनगर/आयुक्त सुंदरानी अतिथि के तौर पर जादूगर गोगिया सरकार के कार्यक्रम में उपस्थित हुए तब आयुक्त ने उपस्थित सभी दर्शकों से स्वच्छता एप डाउनलोड करने के लिए आग्रह किया साथ ही निगम की टीम ने उपस्थित दर्शकों से स्वच्छता ऐप डाउनलोड कराया तथा हाथ की सफाई के साथ साथ कचरे की सफाई के बारे में जानकारी दी। भिलाई शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन लाने हेतु निगम भिलाई द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें स्वच्छता ऐप डाउनलोड करना उसमें वोट अप करना कंप्लेंट करना आदि महत्वपूर्ण है जो कि भिलाई शहर को पहले पायदान पर लाने हेतु योगदान साबित होगी निगम भिलाई द्वारा जहां भी भीड़—भाड़ वाले इलाका है या जहां बड़े आयोजन होते हैं वहां पर निगम की टीम पहुंचकर स्वच्छता एप डाउनलोड करा कर उनके महत्व के बारे में बताते जा रही है। आयुक्त सुंदरानी के साथ जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 एस.पी. साहू ,सहायक अभियंता वैशराम सिन्हा , सहायक अभियंता विनीता वर्मा सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता एप डाउनलोड कराने हेतु मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी